
अब बदल गये है या नही । मैं आज बड़े जोरो से कहता हूं कि मै कांग्रेस से नही जाऊंगा। जो आज हमारे रेलवे मंत्री है इस विषय पर उनसे भी राय ली थी। हमारे जो उप–प्रधान मंत्री जी मोरार जी देसाई जो उस समय मेरे हक मे नही थे और जो आज रूलिंग कांग्रेस को छोड़कर चले गये हैं उनसे भी राय ली। तो मुझे पता लगा कि उनकी भी राय बदली हूई है और नन्दा जी की भी राय बदलीक हुई है और पंडित भगवत दयाल शर्मा जिन्होने मुझ को इस जिम्मेदारी के पद पर आने मे रोड़ अटकाया था उनकी भी राय बदली हुई है और आप यह भी जानते है जब ड्रामा आप करते हैं तो उस ड्रामे मे जिससे ड्रामा कराया जाता है तो उसकी भी राय की कदर होती है। मै तो उचित समझता हूं कि उनकी राय की कदर करनी भी चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदया, चन्द दिन पहले मुझे पंडित भगवत दयाल जी का टैलीफोन आया। उन्होने कहा कि मै बीमार हूं इसलिए आप मुझ को मिलने आए। मै वहा गया। मैने वहां देखा कि उनकी मेरे बारे मे राय बदली हुई हैं। उसके बाद मै चौधरी रिजक राम जी से मिला जिनको हमारे मुख्य मंत्री ने चौधरी देवी लाल जी, जो हिन्दुस्तान की आजादी के बहादूर सिपाही थें, की जगह राज्य सभा के लिए चुना था। दूसरे मनीराम गोदारा को भी मैम्बर नही बनने दिया। मुख्य मंत्री ने प्यार मे उनको राज्य सभा का मैम्बर बनाया।

उपाध्यक्ष महोदया, इस प्रदेश के अन्दर चण्डीगढ़ के लिए मांग उठवाई गई और कहा गया कि हम अपनी मांग मनवाएगें और इस बात की हिन्दूस्तान की सरकार और इण्टेलीजेन्स ब्यूरों शहादत देगा कि ि जतने भी ट्रक दिल्ली के अन्दर गये वे सब सरकार की मर्जी के बिना नही जा सकते थें। मै अपने मुख्य मंत्री जी, को और मंत्रि–मण्डल के लोगों को शाबासी देता हूं कि उन्होने अपनी कुर्सी की परवाह न करते हुए चण्डीगढ़ की खातिर आवाज पैदा की थी। उपाध्यक्ष महोदया, जैसा कि मैने पहले भी कहा है कि हम सभी फेल हुए। हमारी सरकार भी फेल हुई, कांग्रेस पार्टी भी फेल हुई और विरोधी दल के नेता भी फेल हुए और हिन्दूस्तान की सरकार के नेताओं ने चण्डीगढ़ पंजाब को दे दिया। जब चण्डीगढ़ का फैसला हुआ तो जनता मे और बच्चो मे जोश पैदा हुआ। उसका अन्दाजा जो हालात इुए उनसे लगाया जा सकता है। इस मौके पर चाहे बच्चों ने अवहेलना की थी या नही, परन्तु उनके कदल पर इस फैसले का जबरदस्त असर हुआ। जब चुनाव होता है तो उस मौके पर हम को बच्चे बोलने नही देते है वे खुद हमारे लिए आवाज उठाते है। वे इसलिए उठाते है कि वे आजाद हिन्दुस्तान के बच्चे है, आजाद हिन्दुस्तान मे पैदा हुए है, उनके दिल मे ज्यादा असर होता है हमारे वक्त मे इतना नही था क्योकि हम तो गुलामी में पैदा हुए थें। हमारे पर उस समय अग्रेजों का डर छाया हुआ था। उपाध्यक्ष महोदया, उन नन्हे नन्हे बच्चो के दिलो मे चोट लगी जब चण्डीगढ़ चला गया।

उपाध्यक्ष महोदया, मै अपने प्रदेश की सरकार के नेताओं से और हिन्दुस्तान की सरकार से जो हमारे नेता है उनसे निवदेन करूंगा कि वे आगे आऐगें और लोगों को रास्ता दिखाएगें। ठीक है जो कुछ भी चण्डीगढ़ का फैसला हुआ वह सब चुप–चाप हो गया, परन्तु इसका अन्दाजा नही किया गया कि बच्चों के दिल पर उस फैसले की क्या चोट लग सकती है?

उपाध्यक्ष महोदया, मेरे मकान पर रोहतक मे सबसे पहले हमला हुआ और आज भी मेरे मकान पर मुख्य मंत्री जी, की कृपा से पुलिस का पहरा लगा हुआ है ओर जो बच्चो को दूसरे रास्ते पर ले जा रहे है शायद वे इस बात से इन्कार नही करेगे कि चौधरी रिजक राम, चौधरी राजेन्द्र सिंह और चौधरी रणधीर सिंह को भी नुकसान पहुंचा हे। मैने पहले तो मुख्य मंत्री जी, का शुक्रिया आद नही किया था। लेकिन आज के दिन मैने उसकी जरूरत समझी हैं, मै उनका मश्कूर हूं कि उन्होने मेरे मकान का बचाया। उपाध्यक्ष महोदया, मै यह कहे बगैर भी नही रह सकता कि वे नन्हे बच्चे हरियाणा की मांग का समर्थन करने के लिए गयें थे वे किसी के मकान पर डाका मारने नही गये और न ही वे किसी का मारेने के लिए गये थे। उन्होने वहां जो कुद किया वह जोश मे आ कर हो गया।

उपाध्यक्ष महोदया, पंजाब के अन्दर मंत्री बनने का मौका मिला था और उस पंजाब के अन्दर एक बार अमृतसर मे एक जलेस निकाला गया जिसमे हिन्दू और सिंख, दोनो का जलूस था।

उस समय पर मै पंजाब प्रदेश कांग्रेस का महामंत्री था। एक तरफ अकालियो का जलूस था दूसरी और जनसंघी भाईयो का था। उस समय की सरकार ने उस टाईम दोनो के कोई लड़ाई वगैरह नही होने दी थी। इसलिए मै यह कहना चाहता हूं कि सरकार इन्तजाम कर सकती थी। सरकार ने पुलिस वालों के पास लाठियां है, अश्रुगैंस है लेकिन लाठियों औ अश्रुगैंस का प्रयोग कही नही किया गया। इन चीजो का प्रयोग उन नन्हे–नन्हे बच्चों का तितर–बितर किया जा सकता था परन्तु न तो अश्रुगैंस के गोले ही छोड़े और न ही लाठियां चलाई गई। मै ज्यादा जुडीशियल तहकीकात के झगड़े मे हनी जाना चाहता लेकिन जो कुछ भी हुआ है वह ठीक नही हुआ कि नन्हे–नन्हे बच्चों पर गोलियां चलाई गई।

मुझे यह खुशी है ओर जैसा कि विरोधी दल के नेता ने कहा है कि हरियाणा पुलिस के सिपाहियों ने गोलियां नही चलाई, मै उन भाईयो का कृतज्ञ हूं। उपाध्यक्ष महोदया, मै हिन्दुस्तान की सरकार का भी मश्कूर हूं जिन्होने हमारे प्रदेश के अन्दर गड़बड़ी को रोकने के लिए इन्तजाम किया। मै हिन्दुस्तान की सरकार से यह कहे बगैर भी नही रह सकता कि हरियाणा मे जो कुद हुआ है वह उनके लिए एक सबक है। मै हिन्दू सरकार से निवेदन करूगां कि जब इस प्रकार के इन्तजाम के लिए पुलिस को भेजे तो उनके साथ लाठियों और अश्रुगैंस ले जाने की हिदायत करे। पंडित जवाहर लाल, हमारे राष्ट्र नेता ने कहा था–– कि पुलिस से हथियार छीन लो इनके हाथ मे डंडा दे दों। मैने उसक समय

मजाक मे कहा था कि पंडित जी पंजाब की पुलिवस का नाम ऊंचा है कही पिट ना जाए। खेर मे इस बात के हक मे तो नही कि उनसे हथियार ले लिए जाए लेकिन जिस तरह से ये इस्तेमाल किए जाते है वैसा न किया जाए। जैसा कि विरोधी दल के सदस्यो ने कहा अगर उसमे सचाई है तो यह सरकार के लिए शर्म की बात हैं। और जिन्होने गोली चालई उन के लिए भी शर्म की बात है। वे बच्चे पाकिस्तान के बच्चे नही थे वे हरियाणा के बच्चे थे। हमारे यहां चाहे वह कामरेड रामकृष्ण की सरकार थी, चाहे वह प्रतापसिंह कैरों की सरकार थी वह ऐसे भाईयो के खानदान को मदद दिया करती थी और मै सरकार से अपील करता हूं कि समय बहुत ज्यादा नही हुआ हे। उनका अवश्य मदद दी जाए। सरकार के हित की बात थी और वह उसी को लेकर आगे आए थें। उपाध्यक्ष महोदया, मै यो कहता था कि मेरा इरादा हो गया है कि 30–32 साल के बाद,जेल काटने के बाद बहुत वक्त इस पार्टी मे व्यतीत करने के बाद खैर यह तो मजाक की बात थी–– अगर मेरा इरादा सरकार का पलटने का होता तो मै कभी का पलट देता। इसको कायम रखने मे मेरा हाथ रहा है इस बात को कोई माने या ना माने। मुझे किसी बात की घबराहट नही।

उपाध्यक्ष महोदया, आज मै बड़ी गम्भीरता और बहुत दुखभरे दिल से बोल रहा हूं। मै आपके द्वारा सब अपने दोस्तों से प्रार्थना करता चाहता हूं कि वे मेरी बात को ध्यान से सुने, उस पर मनन करें। उनकी पार्टी के अगर हित मे तो उसके ऊपर

विचार करें और अगर वह नही हो तो हिन्दुस्तान की कांग्रेस के नेता उस पर विचार करे। क्या काग्रेंस का तरीका अब यही रहेगा और क्या कांग्रेस की सरकार अब ऐसी ही चलेगी। इस पर गम्भीरता से विचार करे। इसका मुझे क्यों दुख है। उपाध्यक्ष महोदया, खान अब्दूल गफ्फार खां के सिवाए कांग्रेस के लिए आड़े वक्त मे किसी ने इतनी कुर्बानी नही की जिनती मैने की।चोट लगती है और आज मै इसका छोड़ेने की सोच ता हूं तो मुझे कितना दुख होता है। (सदस्य का दिल भर आया और आंसू आ गए।)

उपाध्यक्ष महोदया, मेरा दिल बड़ा मजबूत था लेकिन एक ऐक्सीडेंट ने जो कि मेरे जीवन मे आया उसकी वजह से मेरे दिमाग को चोट पहुंची है उससे दिल की चोट को अब मै सह नही सकता वरना बड़े से बड़े वक्त मे, कड़ी से कड़ी सजा के वक्त मे कभी दिल घबराता नही था। मैने कभी आसूं देखे नही। उपाध्यक्ष महोदया, कल मै इसलिए कहता था कि हर भाई इस तरह कहता है कि चंडीगढ़ का सी.पी.आई. मार्किसस्ट, और सी.पी.आई., डी.एम. के और अकाली दल की शक्ति की वजह से हिन्दूस्तान की कांग्रेस को कुछ दबाव मे आकर पंजाब को देना पड़ा। मै इस बात को नही मानता । कल जो मैने मजाक के तोर पर कहा था कि मै डी. एम.के. का तो मैम्बर बन नही सकता और अकाली दल का भी मैम्बर नही बन सकता, क्योकि हमारा उन से वैसे झगड़ा हैं। तो सी.पी. आई. मार्किसस्ट, सी.पी.आई. का तो मैम्बर बन सकता हूं।

मै बी.के.डी. का और चौधरी चरण सिंह और कुम्भाराम आर्य का बहुत शुक्रगुजार हूं जिन्होने हरियाणा के हक मे आवाज उठाई। उन लोगो ने हमको फाजिल्का और कुछ दूसरे गांव दिलाने के काफी मदद की इसके लिए मै उनका कृतज्ञ हूं।

(इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए।)

अध्यक्ष महोदय, मै यह कहता हू कि अगर सी.पी.आई. एम और सी.पी.आई. जैसे वे कहते है ओल्ड दिल्ली हरियाणा को दिला दे तो फिर वह चाहेगे तो मै काग्रेंस छोडकर सी.पी.आई. या अकेला मार्क्सवादी का मैम्बर बनने के लिए तैयार हो जाऊंगा, उसमे मै झिझक नही करूंगा। लेकिन आज मैने आपके सामने जो बाते कही, जिन पर मुझे बहुत रोष आया, वह तो बिल्कुल ऐसी बाते है जो प्रजातन्त्र के देश के इतिहास मे एक बड़ी भारी नई कहानी है। आपने फायदे और कानून के अन्दर रह कर अपने फैसले दिये हैं। अपनें इस काम के लियें, आप सदन के हाथ मे थें आपके पास और कोई चारा नही था। आपने जो कार्यवाही की, वह ठीक की। कल जो मैने किया इस तरह से, उन दोस्तो ं का दिल देखने के लिये किया जो मुझको नही चाहते थे। उसके साथ साथ अध्यक्ष महोदय, वह जो बाते मैने कही, इस बात का भी मेरे दिल पर बोझ था कि हमारी प्रदेश सरकार जिसके वजीर हों गुड़गांव के हिसान के या वह रोहतक जिले के लोगा हो तो बिजली देना बन्द कर दें। मेरे सवालो के जवाब मै अध्यक्ष महोदय,

यह काह गया कि बिजली रोहतक जिले के गावों मे नही दी जाएगी, इससे भी मुझे बहुत चोट पहुंची।

श्री के.एल. पोसवालः यह किसने कहा?

चौधरी रणबीर सिंहः आपने ही जबवा दिये है और यहा सदन मे दिये है आपको पढा दूंगा। स्पीकर साहब, मै इनसे चाहूंगा कि यह मेरा समय न बरबाद करे याह यह समय इनके समय मे से काट लिया जाये। अध्यक्ष महोदय, मुझको मालूम नही है कि दूसरे सदस्यों के साथ मे भी वैसा ही व्यवहार है या मेरे साथ इलहदा था। जब मैने देखा अध्यापकों का, चलो सही किया, अच्छा किया या बुरा किया, मै तो अच्दा नही मानता, क्योंकि मै तो उस सरकार का मंत्री रहा जिसने कहा था कि उनको दस मील के अन्दर अन्दर लगायेगें, इसलिए मै तो मानता नही कि जो इन्होने किया वह ठीक है, घर से दूर लगाने की इस सरकार की नीति है तो भी मुझे कष्ट हुआ।। सारे किलाई मे हल्के अन्दर जहां पर कि बारह हाई स्कूल हैं, हाई स्कूल है, हाई स्कूल के इम्तहान का एक जगह भी सेण्टर नही है। कल मुख्य मंत्री जी, की कृपा से एक जगह सैण्टर मन्जूर हुआ है, लेकिन उससे मेरे दिल को शान्ति नही हुई । मै सदस्यगण से कहुंगा कि वह जा रहे है, वह भी देखते जाये अपना खाता, कि कही उनके साथ भीएसी न बनी हो। अध्यक्ष महोदय, सड़क की बात हैं, सब अपनी अपनी बात कर रहे है, मेरा अपना गांव है, सड़क बनवाना मेरा भी काम रहा है। अध्यक्ष महोदय, इस सड़क के लिए उस वक्त रूपया जमा हुआ था

और वे एक फर्लांग की सड़क हैं। एक फर्लांग से भी कम है, पन्द्रह हजार कुल मालियत का खर्च है। बारह हजार रूपया जमा कर दिया गया है और साल भर तक रोड़ी नही, मिट्टी नही। अध्यक्ष महोदय, जिस सड़क की मैनेंी मंजूरी दे दी थी उसे क्योकि वह मेरे गावं की थी इस लिये शुरू नही किया गया, वरना जिस तरह से यहा होता है, वह सारे कारनामे करने वाले तो कभी मेरे पास भी थकं और इनसे कही ज्यादा शक्तिशाली मै ाि इ ससे ज्यादा मैने काम किया। अपने गांव मे मैने इसलिए नही किया कि लोग क्या कहेगें जब मै अपने ही गांव का काम करूंगा। अच्छा होता अगर हम इसे उसे वक्त कर जाते। अध्यक्ष महोदय, नहर का पानी बदरौ मे गिर जाता है। पमै अपने गांव की बात बताता हूं, 6 वर्ष हो गये मंत्रिमंडल छोड़े हुए, उस पाइप की दुरूस्ती नही होती हैं, डेढ वर्ष तो मुझे सदन का मैम्बर बने हूए हो गये है जिसमे बहिन चन्द्रावती जी मेरे करीब आ गई और वह कहती थी कि मुझको नही जाने देगी। तो क्या करूं जिन्होने मुझे भेजा है अगर उनके सामने यह सरकार यह साबित करना चाहिै कि मै नाअहल हूं या उनका नुक्सान हो, तो मेरा क्या फर्ज हैं? अध्यक्ष महोदय, चूंकि आज समय बहुत थोड़ा है, मै चाहता हूं कि समय बहुत मिलना चाहियें। ऐसे बिल के ऊपर तो पता नही कितने घण्टे समय मिलता है। लेकिन यहां की प्रथा है, मुझको कहना कुछ और था, मेरे दिल का जो गुबार था, उसमे मै कहन हनी सका और यह सारी बाते मेरे दिमाग पर एक बोझ था। मै उन दोस्तो के दिल को जानना चाहता था कि मै उनके दिलों को जीत पाया हूं कि

नही जोकि मुझको हराना चाहते थें। जो चीफ मिन्नीस्टर बनने के रास्ते मे रोड़े थे, उनके दिल को मै जीन भी सका हू या नही। मेरे दोस्त, जिन्होने उनका बनवाया है, उनके दिल खुश है कि नही, उनके जानने के लिए वह ड्रामा मैने किया। उसके लिये मै कभी माफी नही मागूंगा। महामन्त्री जी से अपील नही करूंगा, कोई कार्यवाही करनी हो तो छूट देता हूं।

श्री बनारसी दास गुप्ता(भिवानी): अध्यक्ष महोदय, अभी विरोधी दल के नेता कुछ अपने हृदय के उद्गाार यहां प्रकट करने के पश्चात अपने दल के साथ वाक आउट कर गय। अध्यक्ष महोदय, विरोधी दल के नेता राव साहब ने दो–चार बार खड़े होकर डैमोक्रेसी का जिक्र किया और कहा कि मै बड़े भारी दिल से यह महसूस करता हूं कि हरियाणा मे प्रजातन्त्र का गला घोंटा जा रहा है। अध्यक्ष महोदय, मै चाहता था कि इस समय राव साहब मेरे सामने बैठे होते, तो मै उनका बतलाता कि डेमौक्रेसी का गला हरियाणा मे इस सरकार ने घोंटा है या राव साहब ने हरियाण मे प्रजातन्त्र का गला दबाया था। स्पीकर साहब, आपके सामने इस सदन की कार्यवाही 13 तारीख चल रही है। आज 15 दिन होते है। यही राव साहब थें जब विरोधी दले की संयुक्त सरकार चल रही है। वह नेता थें, मुख्य मंत्री थें। स्पीकर साहब,डेढ दिन मे बजट पास करके यहा से भाग गये। आज 15 दिन तक बड़े खुले रूप से सदन की कार्यवाही चलाने वालो को यह डैमोक्रेसी का गला घोंटने वाला बतलाते है। खुद अपने गिरेबान मे मुंह डालकर

नही देखते कि किस प्रकार उन्होने यहा जमहूरियत का खून इसी सदन मे किया था और उनके ही नेतृत्व मे हुआ था। स्पीकर साहब, समय बहुत कम हैं, मै बहुत डिटेल मे नही जाना चाहता हूं। एक उदाहरण आपको और देना चाहता हूं कि जो राव साहब विरोधी दल के नेता, इस सदन मे जमहूरियत की बात करते है, प्रजातन्त्र की बात करते है मै स्पकीकर साहब, यह दावे के साथ कहता हूं कि न केवल हरियाणा के प्रतातन्त्र पर बल्कि सारे हिन्दूस्तान की प्रजातंत्र के माथे पर कलंक लगाने वाला कोई है तो यह राव साहब है। वह दूसरो को किसा प्रकार से कहते हैं? स्पीकर साहब, 1967 मे इलेक्शन के बाद जो दल बदल की बीमारियां चली, उसेन हिन्दूस्तान की डैमोक्रेसी का तमाम दुनियों के अन्दर बदनाम किया। स्पीकर साहब, वह दल–बदल का इतिहास तब से हैं, आप उनक दिनो फौज में थें लेकिन मै जानता हूं कि आप अखबार पढते थे और आपने पढा होगा कि वह दल–बदल की बीमारी प्रजातंत्र के मस्तक के ऊपर एक बड़ा भारी कलंक है। यह बीमारी, यह इतिहास हरियाणा से शुरू हुआ और उसके शुरू करने वाले इस डिफैक्शन के जन्मदाता राव बीरेन्द्र सिंह थे, जो आज जमहूरियत की बात करते है। ओर यह कहते है कि यह सरकार जमहूरियत का गला घोंट रही है। स्पीकर साहब, मुझे लज्जा आती है कि जब विरोधी दल के नेता जा एक बहुत जिम्मेदार व्यक्ति है, वह इस पवित्र सदन के अन्दर झूठ बोले और यहा सदन मे कहते है कि हमारे मेम्बरो का रातभर सोने नही दिया। स्पीकर साहब, आप खुद इस बात को रियलाईज करते है

कि जब से सदन चला है, हमारे दल के 47 वोट इस सदन मे है और 31 विरोधी दल के है। 16 वोट के बहुमत से हम इस सदन मे शासन कर रहे है। तो स्पीकर साहब, आप खुद महसूस किजिये कि हम को क्या जरूरत है कि इतने मेम्बरों का बहुमत होते हूएं भी हम रातभर उनके मेम्बरों के पिछे चक्कर लगाते रहे। सच्चाई यह है, स्पीकर साहब, कि विरोधी दल के नेता यहा है नही, मै उन से पूछता कि वे खुद अपने साथियों के साथ रातभर कांग्रेस पार्टी के मेम्बरों के दरवाजे पर भटकते रहे माथा रगड़ते रहे कि हमारे साथ आ जाऔं। हमारे बुजूर्ग नेता, चोधरी रणबीर सिंह जी, उनका मै सम्मान करता हूं को अपने साथ ले जाकर कहने लगे कि चौधरी साहब, तुम हमारे साथ आ जाओ, अब हम इस सरकार का उलट देगें। स्पीकर साहब, राव बीरेन्द्र सिंह ाअेर उनके साथी बहिन शारदा जी के पास भी गये और प्रार्थना की, माथा रगड़ा कि मेरे जिले की हो, मेरे साथ आओ, क्या मै अर्ज करूं रात भर होस्टल मे, एम.एल.ए. फ्लैट मे जो कुछ ड्रामा हुआ, उसका सीन किस तरह से चलता रहा, जिसे चौधरी रणबीर सिंह जी सिर्फ एक ड्रामा कहते हैं, वह सीन देखने की बात थी। स्पीकर साहब, मै आपको स्पष्ट बताना चाहता हूं कि हमारी पार्टी ने प्रजातंत्र के जो तकाजे है, प्रजातंत्र के जो आर्दश है, उनको पूरी तरह से निभाया हैं, यह लोग अविश्वास प्रस्ताव की बात करते हैं, आपके सामने उन्होने 13 तारीख को अविश्वास प्रस्ताव रखा और उस प्रस्ताव को यहां मूव करने की इनकी कोई हिम्मत नही पड़ी और 14 तारीख को ही उन्होने अपना प्रस्ताव विदड्रा कर लिया।

स्पीकर साहब, राज्यपाल महोदय ने अभिभाषण पर भी बहुत बहस हुई, मतदान हुआ, सरकार की नुक्ताचीनी करने का मौाक भी उन्हे मिला। उसके बाद बजट पर बहुत बहस हुई, उस बहस पर मुझे बोलने का मौका नही मिला, अध्यक्ष महोदय, मै बजट पर बोलता तो बतलाता कि विरोधी दल के नेता ने इस बजट के ऊपर एक शब्द भी नही कहा। स्पीकर साहब, हरियाणा मे एक मिसाल है कि––

''अवसर चूकि डूमनी

गाए आल बताल''

राव साहब और विरोधी दल वाले अवसर चूक गये, कई मौका उनके हाथ नही लगा और अब वह आल बताल इस सदन के अन्दर गाते हैं। राव साहब, एक बार मुख्य मंत्री जी, के आसन पर बैठ चुके हैं तो इसलिये उनको कुर्सी का चस्का लगा हुआ है। आजकल एक और भी मिसाल हो चुकी है। स्पीकर साहब, कि ''बावले कुते के काटे का इलाज तो हो सकता है लेकिन कुर्सी के काटे का कोई इलाज नही है।'' राव साहब को कुर्सी ने काटा है, उसका इलाज न हमारे पास है, न ही इस सदन के पास है।

(इस समय सभापतियें की सूची मे से एक सदस्य श्री रामसरन चन्द मितल पदासीन हुए।)

चेयरमैन साहब, मै अधिक समय नही लेना चाहता क्योकि मेरे भाईयों ने एप्रोप्रिएशन बिल पर बोलना है, जो सरकार

ने डिवैल्पमैंट की है, जो काम कर रही है, उस पर बोलना है, इसलिये मै अधिक समय न लेता हुआ दो शब्द अपने बुजुर्ग, जिनका मै सम्मान करता हूं के बारे मे कहना चाहता हूं। चौधरी रणबीर सिंह जी ने जो इस सदन मे कहा है, उस पर कहना चाहता हूं। मेरे हृदय मे उनके प्रति बड़ा सम्मान है, रहा है औरप रहेगा। वह पार्टी मे रहे यदि वह पार्टी मे न रहे तो हमारा दुर्भाग्य होगा लेकिन यदि वह पार्टी छोड़ भी गये तब भी उनका सम्मान हमारे हृदय मे वैसा ही बना रहेगा। मै मानता हूं कि इस बात को कि वह बड़े पुराने, उच्च राजनीजिज्ञ है, देश की आबादी हासिल करने के लिये उनकी बहुत कुर्बानियां हैं, हमारी पार्टी के लिये वह हमारे साथ रहेगे, मै तो यह हृदय से चाहूंगा लेकिन हमारी हार्दिक इच्छा है कि अगर आपस की कोई बात कोई रंज की की, और कोई मन मुटाव की बात है त ो वह आपस मे बैठकर भी दूर की जा सकती है। हम से या दल के किसी व्यक्ति से कोई ऐसी बात हुई हों, जिससे उनके हृदय को ठेस पंहुची हो,तो हम को उन से क्षमा मांगले मे हिचक नही होनी चाहिये।

चेयरमैन साहब, चौधरी साहब ने कहा कि रात को जो कुद हुआ, वह केवल ड्रामा था, अगर वह ड्रामा था तो बहुत ही अच्छी बात है, मै भी यही चाहूंगा इस तरह की बाते ड्रामा ही बन कर रह जाये।

चेयरमैन साहब, मै इन शब्दो के साथ, इस सदने के सामने यह निवेदन करता हूं कि यहा जो कुछ हुआ वह प्रजातंत्र

के अनुकूल हुआ। प्रजातंत्र के आर्दश को सामने रखकर हुआ कोठ इस प्रकार की कार्यवाही इस सदन मे नही हुई जो प्रजातंत्र के खिलाफ हुआ और कोई इस प्रकार की कार्यवाही इस सदन मे नही हुई हो तो प्रजातंत्र के खिलाफ हो। इन शबछो के साथ मै क्षमा चाहूंगा।

खान अबदूल गफ्फार खां (नांगल): जनाब चेयरमैन साहब, आज की कार्यवाही को देखकर दिल को बहुत अफसोस हुआ बल्कि रंज और सदम भी हुआ। इस हाउस मे काफी बातें इधर उधर की आती है और जाती है, हमारे अपोजीशन वाले साहेबान ने जो कुछ किया वह एक रोज की बात होती तो मान लेते लेकिन उनका तो सिलसिला और हैं, वह यूंही वक्त खत्म करना चाहते हैं ताकि मेम्बरों को बाहर जाने की इजाजत मिलें। अभी अभी चौधरी रणबीर सिंह जी ने जिनकी दोस्ती और हमदर्दी पर मै भरोसा करता हूं और किया, उन्होने जो कुछ फरमाया मै उनका निहायत शुक्रिया अदा करता हूं। जिस बात ये चौधरी रणबीर सिंह जी को ड्रामें का एक्टर बनना पड़ा मेरा ख्याल है कि सरकार को इस तरफ तवज्जो देनी चाहिए।

(इस समय उपाध्यक्षा पदासीन हुई)

मोहतरमा, मै अभीप अर्ज कर रहा था कि अपोजीशन का तो रवैया ही अजीब हो गया है। डैमोक्रेसी मे यह तो होता है कि जो सरकार की कमियां हो और खामिया या कोताहियां जो भी

सामने आती हों, उनको जनता के सामने अपोजीशन के मैम्बरज जाहिर करे। यही नही, बल्कि हमारी ट्रेजरी बैन्चिज के साथियों का भी यही फर्ज हो जाता है कि अगर वह सरकार की कोई कमजोरी दिखे तो बड़ी जिम्मेदारी से सरकार के नोटिस मे वह कमजोरी लाए। अगर अच्छी नीयत से कमजोरी सरकार के नोटिस मे लाई गई, तो मुझे उम्मीद है कि सरकार उस पर तवज्जो देगी। लेकिन हकीकत तो यह है कि यह अपोजीशन के दोस्त बस क्रिटिसीजम के लिये ही बाते करते है और खासतौर से जनता को भुलावे मे डालने के लिए तरह की बाते करते है। यह इन्हे नही करनी चाहियें।

चौधरी रणबीर सिंह साहब ने एक बात चौधरी रिजक राम के बारे मे कही, मै ज्यादा तो कुछ नही कहना चाहता वह जब वजीरेआला बनने मे हार गये तो इन्होने सब ने मिलकर उनको कौंसिल आफ स्टेट्स मे भेज दिया। चौधरी साहब, मुझे माफ करेगे, मुझे एक बात याद आ गई। किसी भी अपने साथी को बेशक वह मुखलिफ पार्टी मे हो, उसकी जानी या माली नुक्सान पहुंचाना यह बुरी बात है। लेकिन अगर कोई खुदबखुद हरडल निकल जाए तो खुशी की बात होती है। मै समझता हूं कि चौधरी रिजक राम जो इनके रास्ते मे एक हरडल थे वह निकल गये तो इनको खुशी होनी चाहिए। जनाब, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मुझे एक कहानी याद आ गई। विलायत मे शिकार करने या तरीका कुछ अजीब है, वहां कोई खुले मैदान तो ज्यादा होते नही, इस लिये

वह कुतों के साथ शिकार किया करते थे और यही कोई लोमड़ी वगैरह मार दिया करते थे। एक बार जब शिकारी जब कुतो के साथ शिकार कने जा रहे थे तो एक लोमडी़ फस गई, वह जान के जाने के खौफ से इनती तेजी से भागी कि कुतो को भी पीछे छोड़ गई और उसने देखा कि पास मे जमींदार का कोठा बना हुआ है, तो उसने वहा जाकर जमींदार से कहा खुदा के वास्ते मेरी जान बचाओ, शिकारी कुते मेरे पीछे लगे है, उस जमींदार ने कोठे के अन्दर इशारा कर दिया और इशारा पाकर लोमडी़ उसके अन्दर चली गई। शिकारी पीछे से जब आये तो उन्होने जमींदार से पूछा कि क्या कोई लोमड़ी इधर से गई है। जिमींदार ने सोचा कि क्या जवाब दूं, अगर इनको पता चल गया कि लोमड़ी अन्दर है, और मैने गल त कह दिया तो मेरी मुसीबत आ जाएगी। इस लिये उसने ऐसे ढंग से कहा कि छी–छी– छी–छी और उंगली कोठे की तरफ कर दी। लेकिन इस इशारे से शिकारी यह समझे कि लोमड़ी जिधर कोठा बना था, उधर की तरफ से गुजर कर चली गई है, तो वह उस तरफ से बाहर चले गयें। जब घोड़ो की ठापे और कुता का भौंकना बन्द हुआ तो लोमडी़ कमरे सक बाहर निकल आई और भागने लगी तो किसान बोला '' भई अच्छी बात है, मैने तुम्हाी जान बचाई और बगैर शुक्रिया अदा किये ही चलने लगी तो लोमड़ी ने भी छी–छी– छी–छी कर दिया और इस तरह जतला दिा कि मेरी किस्मत थी जो मै बच गई, आप ने कसर नही छोड़ी थी। मोहतरमा चौधरी रिजक राम के जाने पर खुश तो यह भी हुए होगे क्योकि वइ इनके रास्ते मे एक हरडल थें। जहां तक

खुशी की बात है, खुश तो मै भी हुआ था ओर इसलिये अगर वगैर जहर के ही कोई मर जाए तो फिर जहर ही क्यों दिया जाए। बहरहाल उन्हे कौंसिल मे भेज दिया गया , इस मे कोई शुबह नही है। जहां तक कमियों होती है ओर खामियों होती है, ठीक है कि तवज्जोह दिलाई जाए मगर चौधरी साहब ने तवज्जोह दिलाने मैं बड़ा एक्ट्रीम हिस्सा लिया, हालांकि उनकी कोई नियत ऐसी नही है कि वह कोई खास बात करे। महज सुधार करना उन्हे मकबूल है। वह सुधार करना चाहते है क्योकि उन्हे मुझ से भी ज्यादा तजुरबा है, पार्लियामैंन्टेरियन ते तोर पर, क्योकि वह पार्लियामैंट के मेम्बर रहे है और वजीर भी रहे है काफी अरसे तक एम.एल.ए के तोर पर वह खिदमीत करते रहे है। मै तो सिर्फ पांच चार महीने के लिये ही मिनिस्टर बना था और वह भी इन्होने वकफ का महकमा दिया था जो सैन्ट्रल गवर्नमैंट के अधीन होता हैं तो मै उस मे कोई खास कन्ट्रीब्यूशन नही कर सका। बहरहाल जहां तक सरकार की कमियों का ताल्लुक है, वह मोहतरमा मै कहना चाहूंगा कि आज भी पुलिस मे रिश्वत चलती है और जब पुलिस के पास कोई मामला जाता है तो रिश्वत की वजह से केस की नोईयत बदल जाती है और मामला उल्ट जाता है, दिगर गूं हो जाता है। मै जनाब इन से पुछना चाहता हूं कि यह बतोए कि इनका कोई ऐसा महकमा है, जिस मे रिश्वत न चलती हों। और तो ओर बिजली के कनैकशन देने मे लोगो के बावजूद पैसे दाखिल करने के, उनको कनैकशन तब मिलते है, जबकि नीये के आदमियो के जेबो मे पैसे चले जाते है और अगर

पैसे न मिले तो कनैक्शन नही दिया जाता। चाहियें तो यह था कि रिश्वत का कम किया जाता और मिनिस्टर साहब केसिज पर गौर करते लेकिन मिनिस्टर साहेबान आप मजबूर है तो कुछ भी महकमे के आदकियो ने लिख कर भेज दिया उसी के पेशेन्जर यह फैसला कर देते है और फाईल का जवाब भी उसी तरह से दे देते है, जैसे कि नीचे से लिख कर आता है। यह ठीक है कि रिश्वत पूरी तरह से बन्द नही हो सकती, लेकिन जब यह गवर्नमैंट मे है तो इनकी कोशिश होनी चाहिये कि कुछ न कुछ खुदा के वास्ते कम तो करों। अगर हटा नही सकते, तो इस रिश्वतखोरी को आप कम करने ककी कोशिश किजिये। एक जमींदार के साथ, दुकानदार के साथ, एक मजदूर के साथ, इन्साफ तो किया जाए। उन बेचारो को इसलिये नाकामयाबी होती है, क्योकि उस गरीब के पास पैसा नही होता रिश्वत देने के लिया। इसलिये वह तकलीफ मे रहता है।

आप नहरो मे जाईये, बिजली और सडकों मे जाइये सब मे यही हाल है। सड़को मे तो एक अजीब तमाशा है और बन्द लगाने, ड्रेन निकालने मे जो होता है उसे मै क्या ब्यान करूं। आज एक नक्शा बनता है कि फलां रास्ते से सड़क जायेगी लेकिन जिस के खेत मे से होकर जानी है उसने जरा मुठी गरम ही तो उसका खेत छोड़कर वह सड़क फिर यू घूम कर जायेगी और सारी एलाइनमैंट बदल जायेगी। यह भी क्या अंधेर है। पहले देख लो, सोच समझ कर नक्शा बनाऔ और लोगो से पूछ कर उनसे सारी सलाह करके नेचूरल फलो देखकर बंद लगाऔं और ड्रेन बनाऔ

लेकिन ऐसा नही करेगें। जब कोई बात होती है तो कहते है कि साहब एक्सपर्ट जो हुये इस लिये उनके खिलाफ क्या करें। मै आपको बताता हूं कि यह कैसे एकस्पर्ट है इनके इंजीनियर और दूसरे लोग। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपने भी मुलाहजा फरमाया होगा कि 1952 से पहले और 1952 के कुछ अरसा बाद भी जब सुबह शाम शिमला जाते आते थे तो कालका के आगे एक बावडी़ आती थी। वहां पर देखा जाता था कि उस पर इतनी भीड़ लोगो की और रेढियो की होती थी कि सड़क रूक जाती थी और रास्ता नही मिलता था। लोग कालका से वहां पानी लेने जाते थें। इस तक्लीफ से पेशेन्जर वहां कालका के लोगो ने इस बात की कोंशिश की कि कही से पानी लगा लिया कि अगर फलों जगह खोदा जाये तो पानी निकल सकता है। खैर मैने वह मामला उस वक्त के फायनैंस मिनिस्टार सरदार बहादूर उज्जल सिंह के सामने पेश किया और उन से कहा कि अगर चार हजार रूपया कही से उन लोगो का टरायल बोरिंग के लिए दे दो, तो हम खुदवाई करवा कार देख ले, अगर पानी मिल जाये। चीफ मिनिस्टर साहब के पास गया तो उन्होने कहा कि पहले इंजीनियरो से बात करता हूं उसके बाद देखूगा। खैर साहब, उन्होने इंजीनियरो से बात करके यह बाताया कि वहा पर तो पानी का नामोनिशान ही नही है, इस लिये वह यह रकम मन्जूर नही करते। बात आई गई हो गई। लोगो ने खुद चंदा इकट्ठा करके चार हजार रूपया पैदा कर लिया और वहां पर खुदाई की। आप आज वहां जाकर देख ले उस जगह जहां इनके एकस्पर्ट कहते थे कि पानी का नामोनिशान

नही है नलके लगे हुए है और मकानों की दूसरी मंजिल तक पानी जा रहा है। फिरप एक और बात सून लां। कालका शिमला रेलवे के लिये अंग्रेज कोशिश कर रहे थे कि उसके लिये कही से रास्ता मिल जाये लेकिन कही पता नही चलता था। तो उस वक्त वहां पर पहाड़ी जमींदार ने कहा कि आऔ मै आपको रास्ता बताता हूं औरप उसने रास्ता बता दिया और यह बड़े बड़े इंजीनियर और एकस्पर्ट मुह ताकते रह गये। मै अर्ज करता हूं कि यह पूछ ते ही नही है मौका पर लोगो से और कहते है कि साहब हम ही एक्सपर्ट है लोगो को क्या आता है। मेरे हल्का मे एक गांव है उससे इस तरफ भाखड़ा नहर नरवाना की तरफ जाती है। पहले वहां कोई रोक नही थी, लेकिन अब नहर बन गई है तो पानी का नैचुरल फलो रूक जाने से वहां पानी खड़ा होता है ओर फल्ड आता है। चूंकि पानी के लिये आगे रास्ता नही है इसलिये फल्ड वापस आ कर गांव मे पड़ जाता है और देहात को नुकसान पहुंचता हैं। हमने डी.सी. को साथ लिया होना चाहिय लेकिन एकस्पर्ट साहबान कहने लगे कि ऐसा नही हो सकता मै कहता हूं कि नैचूरल फलों पूछो वहां के लोकल जमींदारों से, जिन्हे अपने बाप दादा के वक्त से पता है कि पानी कहां काट करता है, लेकिन यह तो बुक नालिज लेकर चले जाते है और लोगो की एक नही सुनते। इसलिये मै मिनिस्टर साहबान से अर्ज करना चाहता हूं कि आप इन बातों को रोके ओर अगर नही रोकेगे तो इस का मतलब है कि लोगां को तकलीफ पहुंचेगी, लोगो मे इतमिनान नही होगा और बेइतमिनान से लोग, परेशान हो जाते है।

अब मै थोड़ा सा अपने जिले के बारे मे अर्ज करके खत्म करता हूं। मुहतरिमा डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेर जिला एक किनोरे पर हैं। अम्बाला से इधर पंजाब है और उधर हरियाणा शुरू हो तो है। हमारी बदकिस्मती यह है कि न तो जब पंजाब सांझा था, उस वक्त जिला अम्बाला की तरफ कोई तवज्जुह दी गई और न ही अब जब हरियाणा बन गया है कोई जवज्जह दी जा रही हे। पहले दोनो मिल कर हमारा हिस्सा खाते रहे, लेकिन अब एक के हिस्सा मे ही खाना आ गया (हंसी) आज से नही और 70 साल से नही तो कम से कम 50 साल से यह बिजली पानी और सड़को वगैरह का महकमा लगातार हरियाणा वालो के पास चला आ रहा है और तमाम हरियाणा के मिनिस्टर रहे है बीच मे जरा राड़ेवाला साहब आ गये थे, नही तो यह तमाम अरसा इनके पास ही यह महकमें रहें। लेकिन इन्होने जिला अम्बाला की न सड़को के बारे मे न बिजली पानी के बारे मे और न ट्यूबवेल के बारे मे परवाह की । आप करनाल जाओं, रोहतक जाओ या गुड़गांव, हिसार जाओ तमाम जगह नहरे, सड़के, ट्यूबवैल बिजली की तारे नजर आयेगी। करनाल ता कर देखलो। कोई सड़क इधर से आ रही है कोर्ठ उधर से आ रही है पता ही नही लगता कहां कहां कौन सी सड़क जा रही है। तो मै इन वजीर साहबान से इज्तमास ही करना चाहता हूं वैसे तो हम बड़े सबर करने वाले है लेकिन हमे आप मजबूर न करों क्योकि एक वकत वह भी आ जाता है जब सबर का पैमाना लबरेज हो जाता है और छलक जात है। हम तो अब लास्ट स्ट्रा आन दी कैमलज बैक वाली बात तक

पहुंच चुके है। कही ऐसा न हो कि हम मजबूर होकर आपके सामने खड़े हो कर कहे कि आप ऐसे है आप वैसे है आप यह है वह है। मेहरबानी करके आप मेरे जिले की तरफ तवज्जूह दो और हमारी जो तकलीफ है उनका दूर करों। बिजली के बारे मे, मैने पार्टी मीटिंग मे भी बात की थी तो गौड़ साहब ने फरमाया कि कल हाउस मे बात दूंगा और बताया यह कि 41 फीसदी हैं। मै कहता हूं कि यह 41 फीसदी तो आज है लेकिन पहले हमारी वह कमी तो पूरी करेा जो आज तक हमें नही मिला है। उस कमी को पूरा करने के बाद फिर अगर 41 फीसदी दोगे तब हमे एतराज नही होगा। पहले जो हमारे पिछले फाके चले आ रहे हैं उनको दूर करो उसके बाद देखेगे कि 41 फिसदी है या कितना है। पहले वाली कमी को न देख कर अगर आज एक आध रोअी दे देते हो और टुकड़ा हो तो उससे हमारा काम नही चलता हे। पहले हमारी पिछली कमी को पूरा करो और उसके बाद जो दूसरो को दे रहे हो उसके बराबर हमे भी दे दो।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, ये कहते है कि साहब, हमने तो बड़े ट्यूबवैल लगा दिए है। आप जरा जमींदारो से जाकर तो पूछिए, वे कहते है कि हमारे यहा पानी नही मिलता। जहां कही थोड़ा बहुत मिलता भी है वहां पानी के रेट्स इतने ज्यादा है कि जमींदार अफोर्ड नही कर सकता और वह पानी का फायदा नही उठा सकता। अगर जमींदार किसी दूसरी जगह ट्यूबवैल लगवाना चाहे तो कहते है कि इनता हिस्सा गवर्नमैंट देगी और इतना

हिस्सा जमींदार देगा। बेचारे गरीब जमींदारो के पास इतना पैसा होता ही कहां है जो ट्यूबवैल लगवाने पर खर्च कर सके। लिहाजा वे बेचारे ट्यूबवैल नही लगवा सकते और अपनी पैदावार नही बढा सकते। मै अपनी कांस्टीच्यूंऐसी के इलावा थोड़ा से सारे अम्बाला जिले के लिए जनाब की मारफत सदन से अर्ज करना चाहता हूं.. . . . .

उपाध्यक्षाः खान साहब, मै एक अनाउसंमैंट करना चाहती हूं अगर आपने तीन चार मिनट और बोलना है तो मै एक रूलिंग देना चाहती हूं।

खान अब्दूल गफ्फार खानः अगर आप इजाजत देगी तो मै तीन चार मिन्ट और बोलूंगा।

उपाध्यक्षाः तो पहले रूलिंग दे देती हूं।

RULING GIVEN BY THE DEPUTY SPEAKER

Deputy Speaker: Hon. Member: Today, at about 3.30 P.M. the Hon. Speaker was handed over in the House the notice of resolution for the removal of the Speaker under Rule 11 of the Rules of Procedure and conduct of business in the Vidhan Sabha.

According to rule 74, every notice required by the Rules shall be given in writing addressed to the Secretary and shall be delivered at the Assembly Office between 10 A.M. and 3 P.M. If it is delivered at any later time it shall be treated as delivered on the next day. Thus, it will be quite cvlear that the

manner of tabling this notice was against the sprit of Rule 74. According to this rule, this notice could only be taken up for teh next day. As you are all awarre the House has already decided to adjoun sine-die at its reising today. So far all intents and purposes the notice was not in order. Moreover, the conference of Presiding Officers held at Delhi in April, 1968 has aslo passed a Resolution as under:-

"It appeals to all Members of Legislatures and more prticularly to all the Political Parties to ensure that due respect and Co-Operation are extended to the Presiding Officers and notices of removal of Presiding Officers from office are not tabled without due deliberation and adeqate grounds."

In view of teh above, I earnestly feel that this was most unfortunate and I, therefore, order all teh references to the tabling of the notice be expunged from the proceedigns of the House.

खान अब्दूल गफ्फार खानः मोहतरिमा डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैने अम्बाला जिले के लिए बाते कीं, मै इस बात के हक मे नही हूं कि सिर्फ अपनी कांस्टीच्यूएंसी के हक मे ही बाते की जाये। मै तो सारे जिले के बारे मे कहना चाहता हूं। गवर्नमैंट ने कोई ऐसी बात नही की जिस पर हमारी कैबिनैंट फखर कर सके। बजट स्पीचव मे फाइनैंस मिनिस्टर ने फरमाया है कि हम ने अम्बाला मे मुगी फार्म खोला है। मुर्गी फार्म खोल कर इन्होने क्या तीर मारा है?

श्रीमती ओम प्रभी जैंनः मुर्गी फार्म के इलावा एक मिल्क प्लांट भी लगाया हे।

खान अब्दूल गफ्फार खानः दोनो ही सही। इस पर क्या फखर कर रहे है। मुर्गियां हम पाले और अण्डे मिनिस्टर खायें और मुर्गियां भी अफसर खाए। अब मै थोड़ा सा अपनी कांस्टीच्यूएंसी के मुताल्लिक अर्ज करना चाहता हूं। मोहतरिमा डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप भी कांस्टीच्यूंएसी से आये है। आप को पता होगा कि वहां पर कितने ट्यूबवैल लगे है, कितनी बिजली वहां पहुंची है ओर आबपाशी के क्या काम हुए है?

उपाध्यक्षाः सिर्फ एक सरकारी ट्यूबवैल हैं।

श्रीमती ओम प्रभी जैंनः ड्रिंकिंग वाटर का है या दूसरा?

उपाध्यक्षाः जमींदारो के लिए गवर्नमैंट का एक ही टयूबवैल है।

एक आवाजः नारायणगढ़ मे लगें हुए है। . . . .

खान अब्दूल गफ्फार खानः नारायणगढ़ मे वहां लगे हुए हैं जहां पर पत्थर नही थे, सब जगह तो आपने नही लगाये। नारायणगढ़ मे तो यह हालत होती थी मि पीने का पानी नही मिलता था। अगर वहां लगा भी दि तो कौन सी बहादूरी कर दी

है। यह फखर करने वाली बात नही है।(व्यवधान) जहां ट्यूबवैल लगे है उनकी ता पहले वजीरों ने ताईद और ताकीद की हूई थी आपने कुछ नही किया। इसलिए माहेतरिमा डिप्टी स्पकीर साहिबा, मै आपकी विसातत से गवर्नमैंट से अर्ज करना चाहता हूं कि खुदा के वास्ते अम्बाला जिले को ज्यादा ट्यूबवैलन दिये जाए और उसको खुशहाल बनाने के लिए कोशिश करें। मै एक बात कह कर खत्म करता हूं। एक बार मै चौधरी रिजक राम को अपने इलाके मे ले गया था कि हमारे यहां फलां जगह पानी नही है, फला जगह बिजली नही है ओर मान गये थे कि वाकई पानी बिजली की तंगी है। मैने उनसे कहा कि जनाब आप जमींदार तबके का जरा मुलाहजा फरमाए। खुदा के फजल से मेरे जिले के जमींदारो के पास काफी जमीन हे। आम तौर पर ऐसी भी जमींदार है जिन के पास जमीन थोडी़ है लेकिन औस्तन दूसरे इलाकें के जमींदारों से ज्यादा जमीन है। जहां हम बैठे हुए थे वहां कुछ अफसर साहिबान और कुछ जमींदार साहिबान बैठे थे। मैने उन से कहा कि आप इन दोनेा का मुआजाना मुकाबला कर लीजिए। जमींदारेा के चेहरे पर देखेा, खून का निशान नजर नही आता और दूसरी तरफ अगर अुसरान के मुह पर गाची मार दे तो खून की बाढ नजर आएगी क्योकि इन की गाले कचौरी की तरह फुली हुई हैं। इसलिए मेरी गुजारिश है कि किसानो की हालत बहुत खराब है, न उन्हे मानी की सूहलियत है और न ही बिजली की है, सड़के भी नही है, नहरे भी नही है। नहरो का किस्सा भी सुन लीजिए। हमने कोशिश की कि किसी तरह से हमारे अम्बाला मे कोई नहर ही आ जाए

लेकिन उस वक्त के जो चीफ इंजीनियार थें उन्हे कुछ हमारे साथि हमदर्दी हो गई और उन्होने कहा कि मेरा नाम ता मत लेने मै एक बात आपको बता देता हूं। है तो छोटी सी बात, लेकिन उससे अम्बाला शहर को, जिस मे पानी नही मिलता, अम्बाला छावनी को और आस पास के जमींदारो का पानी मिल जाएगा। उन्होने कहा कि होरिजैन्टल ट्यूबवैल जो लगत है वे येां ही खाली रहते है। यहा तो एक ऐसा बड़ा टयूबवैल है, जो अमेरिका के सिवाए दुनियां मे कही नही है, अगर लगे तो काम चल सकता है। हम ऐसी ट्यूबवैल घग्गर के बेट मे अम्बाला के पास लगाना चाहते है। मगर खान साहब हम को 16 हजार रूपए तजुरबे के तौर पर दिलवा दीजिए क्योकि यहा पहले इस तरह का टयूबवैल बना नही है। हम उस पर अमल करके देखेगे। सब की खुशामद हम करते फिरे। ये मिनिस्टर साहबान तो, माहेतरिमा डिप्टी स्पकीर साहिबा, खुशामद कराने मे लगे रहते है। मैने सरदार उज्जवल सिंह से रिक्वैसअ की कि साहब अम्बाला जिले मे इस तरह का ट्यूबवैल बनाने के लिए 16 हजार रूपए तजुरूके के तौर पर सैक्शन कर दे तो अम्बाला शहर, अम्बाला छावनी, आस पास के खेतो और पांय चार गांवो को पानी मिल सकता है मगर वे पूछने लगे कि कोई इंजीनियर भी कहता है? अब आप बातईए कि मै कौन इंजीनियर कहता? मैने तो सिर्फ यही कहा कि अगर आप 16 हजार रूपया किसी इंजीनियर या चीफ इंजीनियर के सुपुर्द कर दे तो टयूबवैल बन जाएगा। मगर वे क्यो देते, क्योकि अम्बाला की तरफ किसी की तवज्जुह हे ही नही।

आप मुलाहिजा फरमाये कि कितने अफसर आज अम्बाला जिले के आप के हरियाणा मे हैं? हमारे पुलिस मे यां और दूसरे महकमों मे कितने अफसर है? आप अन्दाजा लगा कर कह दिजिए और अगर नही है, हमारे आदमियों की कमी है तो उसको पूरा करों। दूसरो का फिर मौका दिजिए। यह क्या तमाशा मुकर्रर किया हुआ है कि अम्बाला को इस तरह से इग्नोरन कर दिया जाए। आपको सिर्फ दो चार आदमी मिलेगे, जो बड़े अफसर होगे या उन से कुछ नीचे अफसर होगे। पुलिस मे ही ले लो। कांस्टेबल कितने है हमारे यहां? कयसा है, अम्बाला रेंज मे भरती होनी है, अम्बाला मे भर्ती करा लेगे पुलिस मे, लेकिन हारे यहा के नोजवान पुलिस मे भी रह जाते है। तो हम क्या करें? मै तो अपील करता हूं डिप्टी स्पकीर साहिबा, आप से आप कहे कि हमारे साथ ऐसा स्लूक न करो।

अब आप देख ले टीचर्ज का हाल। इस्लाम के प्रोफैट मुहम्मद साहब ने फरमाया है कि हर इन्सान के तीन बाप होते है– एक वह जिसकी पुश्त से इन्सान पैदा होता हैं, दूसरा वह जो बेटी देता है, तीसरा वह जो पढाता है या इल्म सिखाता है मगर तीसरी कैटेगरी का बाप पहले दोनो से अफजल हैं, बेहतर है। इसलिए मै कहता हूं कि उस्तादो की जायज मांगो का पूदा किजिए। उनकी सरप्रस्ती कीजिए ताकि वे बेफिक्री से नेशनल करेक्टरप बिल्ड कर सके। मै यहा खुला इखतालाफ रखता हूं कि दुनिया मे पीढी बदल गई है। जनाब, आज सूरत क्या हैं? एग्जामिनेशन हाल मे लड़के

खंजर लेकर जाते है। किताब लेकर नकल करते है सवालो की, ओर अगर विजिलेटर जाता है, रोकता है तो खंजर लेकर मारते है। यह चीज नही होनी चाहिए।

डिप्टी स्पकीर साहिबा, चण्डीगढत्र के मसले को लेकर जो हरकत हुई वह बहुत अफसोसनाक रही। यह नही होनी चाहिए थी।

उपाध्यक्षाः आप कितना टाईम लेगें?

खान अब्दूल गफ्फार खानः सिर्फ दो मिनट। नन्हे बच्चों के ऊपर गोलियां चली और वे मारे गए। हमे इस बात का बड़ा निहायत अफसोस और सदमा है। जनाब मोहतरिम यह ठीक है कि पुलिस वालेा की नीयत उनको गोली मारने की नही थी। यह गलत है कि उनकी नियत थी। कई कार सड़क पर गोली लग कर या दीवार पर लग कर जब गोली आकरप इन्सान को लगती है तो इन्सान मर जाता है। मै एक बात यहा कहता हूं । बहुत पुरानी बात है। जलियावाले बाग मे जब डायर ने गोली चलाई तो एक बहुत ऊंचे कोठे, चौबारे मे एक औरपत अपने बच्चे को जो दूध पीता था, दूध पिला रही थी। वहां गोली चली और वह उस बच्चे के जाकर लगी, जिसका खून आज भी, जाकर अगर आप मुलाहिजा फरमाये , वहां जमा हुआ है लेकिन जब हमने यह कहा तो हमारे खिलाफ मुकदमा आयद किया गया और कहा गया कि ये झूठ बोलते है। क्या सबूत है इनके पास? तो जनाब डिप्टी स्पीकर

साहिबा यह कहना कि जानबूझ कर गोलियां चलाई गई गलत बात है ओर सरकार को बदनाम करने के लिए कही जा रही है। इतफाक से कही हो गया होगा जिसके लिए हमें सदमा हैं, रंज है और मै चौधरी रणबीर सिंह की ताईद करता हूं कि जो मारे गये हैं उनके बालदेन को और लवाहकीन को कोइ इमदाद पहुंचाई जानी चाहिए।

आखिर मे, जनाब माहतरिम, आपकी मारफत मै मन्त्रि मण्डल से दरखास्त करता हूं कि मण्डल मे तो मे तो आप हो गए लेकिन हमारी तरफ भी ध्यान दे। बैठने से पहले फिर वही शेर पढ़ लेता हूं जो पहले पढा था कि–

गुल फैके है औरो की तरफ बल्कि समर भी

ऐ खाना बरअन्दाज कुछ तो इधर भी, कुछ तो इधर भी (तालियां)

5.00 P.M.

प्रिंसीपल ईश्वर सिंह(पुण्डरी): डिप्टी स्पकीर साहिबा, यह सेशन 13 तारीख से चला हुआ है और हमारे विरोधी दल के भाइयों ने इसमे ज्यादतर चण्डीगढ़ का मामला उभारा है। इसके बारे मे सब को मता है कि यह केस 1966 मे, जब विरोधी दल के बहुत से भाई जो अब एम.एल.ए. है और उस वक्त भी एम.एल.ए. थे, शुरू हुआ थी तगर उस वक्त उन्होन, जिस तरह से चोरी के मामले या दूसरे मामले थाने मे एफ.आई.आर. दर्ज कराया जाता है,

एफ.आई.आर. भी दर्ज नही कराया था जब कि खरड़ तहसील पंजाब को दिया गया और चण्डीगढ़ को यूनियन टेरेटरी बनाया गया था। इब जो यह बाद मे चण्डीगढ़ का मसला उठाया गया और कहा गया कि यह हिन्दी भाषी है, इसके लिए सरकार ने पूरा जोर लगाया जनता की भावना को औरगेलाईज किया, उनका उभारा और इसका नतीजा यह है कि आज हमे फाजिल्का जो शाह कमीशन ने नही दिया था, कयोकि इसकी कंटिग्यूटी नही बनती थी, मिला है। हमारे विरोधी दल के भाई चण्डीगढ के बारे मे तो हम रहे है लेकिन उनहोने फाजिलका का स्वागत पूरी तरह से नही किया।

हमे फाजिल्का का 572 सुकेयर माईल रकबा मिला है। उस रकबे के मिल जाने से हमारी स्टेट एक बार्डर स्टेट बन जाती है। एक बार्डर स्टेट को सैन्टर की तरफ से काफी ग्रांटस मिलती है। लोगो का इम्पलायमैंट देने के लिए, बार्डर सिक्योकिरटी फोश्रस बनाया जा सकता हैं। उस से इस किस्म का हर फायदा हमे होता हैं। दूसरी सब से बड़ी बात यह है कि वह इलाका इतना जरखेज है जिसकी बराबरी कोई भी इलाका नही कर सकता। इनका अन्दाजा वहां की मंडियों से लगाया जा सकता है। दो बहुत बड़ी बड़ी मडिंयो, फाजिल्का और अबोहर। अबोहर की एक मण्डी से कोई 17 लाख के करीब मार्किट फीस आती है ओर इसी प्रकार से फाजिल्का से आठ लाख मर्किट फीस आती है। कहने का मतलब यह है कि दोनो मण्डियों से 25 लाख रूपया आता है। अब

आप रोहतक जिले की मण्डी का हिसाब लगाये वहा सारे जिले की मण्डियो से केवल 20 लाख आती है और महेन्द्रगढ जिले से आठ लाख और गुड़गांव से 15 लाख साल की आमदनी है। दूसरे उस एरिया के बराबर किसी एरिया मे इतनी ऊन नही होती है। वहां पर सब से बड़ी ऊन की मण्डी है। पाकिस्तान बनने से पहले दुनियां की ऊन की सब से बड़ी मण्डी मानी जाती थी। दूसरे कपास की भी बहुत बड़ी मण्डी है। उसको वाहिट गोल्ड कहा जाता है यानी सफेद सोना। इस इलाके मे सारी दुनिया की छः परसैन्ट कपास होती है और हिन्दूस्तान की 20 परसैन्ट काटन पैदा होती है। जिस प्रकार से कैलीफोर्निया (अमेरिका) मालटा, अंगूर आदि पैदावार के लिए मशहूर है इसी प्रकार से यह इलाका भी हिन्दुस्तान मे जरखेज इलाका माना जाता है। इस इलाके से हरियाणा को बड़ा भारी फायदा हो सकता है। यदि उन मण्डियों मे कोई 20 हजार रूपया दे कर भी दुकान लेना चाहे तो भी वहां दुकान नही मिलती हैं। वह बहुत ही अच्छा इलाका है। कहने को विरोधी दल के भाई कुछ भी कहे लेकिन उन्होने कौन सा ऐसा काम किया है। कहने को विरोधी दले के भाई कुद भी कहे लेकिन उन्होने कौर सा ऐसा काम ककिया हैै जिसमे कुर्बानी दी है। जिन्होने कुर्बानी देनी होती है उनको रोक नही सकता है। जैसे कि——

बे—खतर कूद गया नमरूद, आतशे इश्क मे,

अक्ल है महवे तमाशाये लवे बाम अभी।

परवाना जो होता है वह तो इधर उधर देखता ही नही, वह तो आग मे कुद ही जाता है। जो कुछ वे आगे हो कर करना चाहते है वे कर सकते है और उन्हे करना चाहिए। लेकिन ये अपोजीशन के साथी सैन्टर की अपोजीशन की पार्टियो को भी हरियाण्ण के हक मे नही कर सके। एक बी.के.डी. ही ऐसी पार्टी है जिन्होने हरियाणा का आखिर तक साथ दिया।

जहां पर चण्डीगढ़ के एरिया का प्रशन है वह केवल 42.2 सुकेयर माईल बनता है और जिस मे से दस सुकेयर माईल जिस मे 6 गांव आ जाते है हरियाणा को मिल गया है। यानि पंजाब के पास केवल 32 सुकेयर माईल ही जाता है। इस प्रकार हम 540 सुकेयर माईल का फायदा होता है। यह ठीक है कि चण्डीगढ़ हिन्दी भाषी क्षेत्र था और इसके चले जाने से हमे महान दुख है। लेकिन यह भी कहे बगैर मै नही रह सकता कि चण्डीगढ़ कोई नैचुरल शहर नही है। न ही यहा पर कोई कुदरती प्रोडक्विट चीज है। न कोई खनिज पदार्थ वगैरह यहा होते है। जिस से कोई इण्डस्ट्रीज वगैरह ही लग सकती हो। जहां तक इसको राजधानी बनाये रखने का सम्बन्ध था यह न तो हरियाणा के सैन्टर मे था और न ही पंजाब के सेन्टर में था। दोनेा स्टेटों मे से यह किसी की भी सूट नही करता है। इस शहर से इतना फायदा नही है, खर्चा इस पर अधिक है। यहा पर जो लोग रहते है वे इस शहर को मंहगा की मानते है। जब कोई अफसर टूर पर

जाता हैं तो वह बाहर से ही समान खरीद कर लाने की कोशिश करता है।

जहां तक हरियाणा मे डिवैल्पमैंट का सम्बन्ध है। इसके बारे मे कोई अन्दाजा नही लगाया जा सकता है। इस वक्त हमारी हरियाणा स्टेट से केवल तीन स्टेटे डिवैल्पमैंट के क्षेत्र मे आगे है। गुजरात, पजाब और महाराष्ट्र। उपाध्यक्ष महोदया, पिछले दिनों वहां एक हमारी कमेटी टूर पर गयी जो वहां के पंचायत एक्ट के बारे मे मुलाहजे के लिए गयी थी। क्योकि हमारी स्टेट ने पंचायत एक्ट मे कुछ तरमीमी करनी थी। वह कमेटी महाराष्ट्र अहमदाबाद और गुजरात हो कर आयी है। गुतरात मे वहां के मिनिस्टर साहब से और वहा के डिवैल्पमैंट कमीश्नर और दूसरे अफसरान से हमारी बातचीज हुई और उन से हमने कुछ स्वालात भी पूछे। हमने उनसे एक सवाल यह भी पूछा कि आपकी सब स्कीमें बहुत प्रोग्रेसिव है तो आप की स्टेट मे हर गांव मे बिजली और सड़क का प्रबन्ध करने मे कितना टाईम लगेगा। उनका जवाब यह था कि इस बारे मे तो हमने विचार नही किया पूरी तरह से, लेकिन कम से कम 20 साल तो जरूर लग जायेगें, परन्तु इधर हमारी सराकर ने यह स्कीम बनायी है कि चार साल के अन्दर अन्दर हर गांव मे सड़क पहुंच जायेगी और तीन साल के अन्दर हर गांव मे बिजली लग जायेगी। यह कोई छोटी तरक्की नही है।

दूसरी चीज जो हमारी स्टेट मे है वह यह है कि हमारा सूबा दिल्ली के पास है। यहां पर इण्डस्ट्रीयल बैल्ट है। कुछ

हरियाणा की सिचुवेशन भी इस ढंग की है। दिल्ली के पास होने की वजह से हमारी स्टेट के अन्दर इण्डस्ट्री की खास तरक्की हो सकती है और हर कारखानेदार यहां कारखाना लगाने को तैयार है।

उपाध्यक्ष महोदया, जो मै यह एक जरूरी चीज कहना चाहता हूं वह यह है कि हरियाणा स्टेट का आपमी किसी भी से कम नही है। हर क्षेत्र मे वह आगे है। लड़ाई लड़ने मे भी वह सब से आगे हैं, जब पिछले दिनो चीन और पाकिस्ताना की लड़ाईया हुई, तो हरियाणा फर्स्ट रहा था, राजस्थान सैकिण्ड और पंजाब थर्ड रहा था। इसी प्रकार से पैसे और धन के लिहाज से भी वह सारे हिन्दस्तान मे मशहूर है। यहां के लोगो को तो मौके पर तरक्की नही मिल सकी। अब तरक्की का मौका है, राज स्थिर है यहां तरक्की हो सकती हे। डिवैल्पमैंट का टैम्पो बना हुआ ह।। हम तेजी के साथ आगे जा रहे है। किसी भी क्षेत्र मे ले लिजिए बिजली में, सड़को मे, एग्रीकल्चर मे और एनीमल हसबैन्डरी मे, सब क्षेत्रों मे तरक्की हो रही है। कैटल डिवैल्पमैंट मे हमारी तेजी से तरक्की हो रही है। गुड़गावं और करनाल मे इन्टेनसिव कैटल स्कीम चालू है। इधर जीन्द मे मिल्क प्लांट लगाया जार रहा है। इसी प्रकार से एक पैहवा मे बन रहा है। हिसार मे और भिवानी मे भी बनाने का ख्याल है। कहने का मतलब यह है कि एनीमल हसबैण्डरी और एग्रीकल्चर मे काफी तरक्की हो रही है? दूसरे आज तक किसी भी सरकार मे जमीदोरों

को इतने कर्जे नही मिले। कोआपरेटिव सोसाइटियों से और लैंड मोर्गेज बैंक और फाईनैनस कार्पोरेशन से जमींदारों का और दूसरे लोगों का कर्जे दिये जा रहे है। अब नैशनेलाईजेशन का जमाना आ रहा है। बैंक नेशनेलाईजेशन हो जाने से काफी तरक्की होगी। अब मै जमाना है तरक्की करने को और आगे बढने का। इसलिए मै समझता हूं कि हरियाणा राज हर तरह से आगे जा रहा हैं।

उपाध्यक्ष महोदया, जो पिछले दिनेा हरियाणा मे गड़बड़ हुई इसकी जिम्मेदारी सभी भाईयों पर है चाहे वह अपोजीशन के है या किसी भी पार्टी के है। क्योंकि एजूकेशन की हमारे स्टूडेन्टों मे कुद कमी रही है। एजूकेशन के ऐसे सबजैक्ट होने चाहिए जो पोलिटिक्स से ऊपर हो। स्टूडैन्टो की जो चण्डीगढ़ का डिसीजन हुआ उसमे भावनाऐ भड़की। मै यह कहे बगैर भी नही रह सकता हूं कि इ न की भावनाओं को भड़काने के पीछे कोई फाउल प्ले जरूर था, उनको उकसाया जरूर गया। मुझे पता है कि कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी के चारों तरफ जीपे चली, वह हिसान मे भी पहुंची है। इस सब के पीछे एक मास्टर माईन्ड है। मे सरकार से निवेदन करूंगा कि इस विषय मे इन्कवायरी होनी चाहिए और सरकार को इस विषय पर दोबारा सोचना चाहिए कि कौन लागा थे जिन्होने लोगो को, स्टूडैन्टो का भड़काया। उनका इसके पिछे क्या ऐम हैं, क्या आबजैक्ट है?

अब हमे ह सोचना चाहिए कि एजूकेंशन किस प्रकार की हो? एजूकेशन का क्या ऐम है। जो भी कालेज से लड़के निकल

रहे है वे नौकरी की मांग कर रहे है। हम एजुकेशन का मयार ऐसा बनाये जिस से हर एक को काम मिल सके। हमे इस प्रकार का सलेबस कालेज और स्कूलों मे बनाना चाहिए जिस से उन का धन्धा मिले। हम कालेज और स्कूल के बच्चों के अन्दर इस प्रकार की सैन्स पैदा करे कि वे अपने कैरकक्टर को ठीक ढग से रख सके। उनके अन्दर अपने आप समझ होनी चाहिए। उनका नालेज इनता होना चाहिए कि वे दूसरो के चक्कर मे ना आ सके। तो मै सरकार से निवेदन करूंगा कि इस बारे मे सरकार सोचे। मै ज्यादा टाईम तो नही लेना चाहता परन्तु जहां तक टीचर्ज का सवाल है उसके बारे मे सरकार को सोचना पड़ेगा। क्योकि एक चीज होती है एक तो बेदिल जो नौकर होता है। वह दुश्मन के बराबर होता है। शिक्षा को उसी के द्वारा फैलना है। ऐजूकेशन एक ऐसा प्रोसैस है जो बाई दी लिविंग, थ्रु दी लिविंग और इंटू दी लिविंग है। इस सिस्टम से चलन है। बगैर टीचर के कोई ऐजूकेशन नही दे सकता। कोई भी टीचर के बगैर किताब नही पढ सकता। टीचर की परसनैलिटी पर बड़ा दारामदार है, वह कैसे बोलता है, कैसे डैस्क्राईव करता है, उसका क्या कैरक्टर है, उसके क्या विचार हैं कैसी वह मिसाले पेश करता है? उनको ग्रेडज के बारे मे जो रोष है असके बारे मे हमे सोचना चाहिए और उनकी जो जायज मागें है वे पूरी करनी चाहिए। वे ऐसा महसूस न करे कि हमारे साथ विक्टामाईजेशन हो रहा है, या हमारे साथ ठीक ढंग से सलूक नही हो रहा है। उनके नुमाईदो का बुलाकर, उनको बिठाकर रेलीज ऐड्रेस करके या ेगी कमेटीज बनानी चाहिए जो

